मंगलमय इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी,

ग्रेटर नोएडा (गौतम बुद्ध नगर)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

द्वारा आयोजित

# सात दिवसीय शिविर रिपोर्ट

28 फरवरी 2022 से 6 मार्च 2022 तक

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी

डॉ यशपाल सिंह

# रिपोर्ट : (सात दिवसीय शिविर)

मंगलमय इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गाँव–बिरौंडा (ग्रेटर नोएडा) जिला–गौतम बुद्ध नगर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह द्वारा किया गया। यह शिविर 28 फरवरी से 6 मार्च तक चला। जिसमें संस्थान की ओर से 88 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लेकर समाज सेवा का संकल्प किया।

## प्रथम दिन दिनाँक 28 फरवरी 2022 (योग शिविर) :–

मंगलमय इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा की राष्ट्रीय सेवा योजना के अर्न्तगत प्रथम दिन योग शिविर का आयोजन ग्राम बिरौंडा ग्रेटर नोएडा में किया गया। शिविर में ग्रामीण लोगों को योग के लिए जागरूक कर विभिन्न प्रकार के योगासन कराये गये जैसे बद्ध पद्यमासन, भद्रासन, भुजंगासन, चक्रासन, धनुरासन, गोमुखासन, आदि। योग से शरीर, मन, आत्मा और ब्रह्रमाण्ड को एक जुट करती है। योग एक प्राचीन पद्धति है। योग के द्वारा न ही सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है। बल्कि इसे अपना कर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। सभी लोगों को समझाया गया कि योगासन शरीर को शक्तिशाली एवं लचीला बनाये रखता है साथ ही तनाव से मुक्त रखता है। जो हमारे दैनिक जीवन के लिए आवश्यक है। योगासन एवं योग की मुद्राए तन और मन दोनो को संचारित रखती हैं।

## दूसरा दिन दिनाँक 01 मार्च 2022 (स्वच्छ भारत अभियान) :–

मंगलमय संस्थान ग्रेटर नोएडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया ग्राम बिरौंडा के लोगो को साफ सफाई के लिए जागरूक किया गया इस दौरान छात्रों ने ग्रामीण लोगो के साथ मिलकर ग्राम में रैली निकाली एवं स्वच्छता से सम्बन्धित स्लोगन लिखे हुए तख्तियां अपने हाथो में लिए नारे लगाये। छात्र छात्राओं ने गाँव परिसर के आस पास के क्षेत्र को पूरी तरह से साफ किया। संस्थान की ओर से कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ने दो डस्टबिन, दो बाल्टी तथा साफ सफाई सामग्री ग्राम पंचायत भवन में रखवायी।

प्रो० (डा०) यशपाल सिंह
कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग
एण्ड टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
(गौतमबुद्ध नगर)

**तीसरा दिन दिनाँक 02 मार्च 2022 (प्लास्टिक बैन शिविर) :–**

मंगलमय संस्थान संस्थान द्वारा ग्राम बिरौंडा ग्रेटर नोएडा में प्लास्टिक अभियान गतिविधि का अयोजन किया गया ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत 10:00 बजे हुई। इसका संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ने किया ग्राम वासी तथा छात्रो के साथ मिलकर अलग–अलग जगह पर सफाई करायी गई तथा लोगो को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में बताया लगभग 80 छात्र छात्राओं ने पोस्टर तथा स्लोगन के द्वारा ग्राम रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया तथा कागज से निर्मित बैगो का भी वितरण किया गया प्लास्टिक एक ऐसा पदार्थ है जो रसायनो से बना हुआ इसका प्रयोग प्रकृति के लिए हानिकारक है। मनुष्य के साथ साथ यह जानवरो की जान के लिए भी घातक है प्लास्टिक (पोलीथीन) के उपयोग के कारण पर्यावरण में पैदा होने वाला प्रदूषण नियंत्रण करना बेहद मुश्किल है। सभी छात्र छात्रों और ग्रामीणों ने भी प्लास्टिक उपयोग नहीं करने का आश्वासन दिया।

**चौथा दिन दिनाँक 03 मार्च 2022 (तम्बाकू निषेध शिविर) :–**

राष्ट्रीय सेवा योजना को इकाई द्वारा चलाये गये तम्बाकू निषेध शिविर का आयोजन ग्राम–बिरौंडा ग्रेटर नोएडा में किया गया। सभी ग्रामीण लोगो तथा छात्र छात्राओं के माध्यम से रैली निकालकर लोगो को तम्बाकू के बारे में जागरूक किया। छात्र छात्राओं ने गाँव की चौपाल पर नुक्कड नाटक के माध्यम से तम्बाकू का उपयोग न करने की अपील की संस्थान की ओर से आये डॉ प्रदीप कुमार व डॉ ईश्वर सिंह ने कहा कि तम्बाकू का प्रयोग लोग बीडीं, सिगरेट, पान मसाला, गुटका हुक्का तथा अन्य तरीको के रूप में करते हैं। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां जैसे गर्दन, गले व फेफडो में कैंसर आदि हो रही है कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से मानसिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पडता है।

**पाँचवा दिन दिनाँक 04 मार्च 2022 (साक्षरता अभियान) :–**

राष्ट्रीय सेवा योजना को इकाई के स्वयं सेवको ने संविलय स्कूल, बिरौंडा(गौ0 बुद्ध नगर) साक्षरता अभियान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान की ओर से लगभग 75 छात्र छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया । संस्थान की ओर कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ने शिक्षा के प्रति सभी ग्रामीण बच्चो के प्रेरित किया कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार व डॉ ईश्वर सिंह ने शिक्षा जागरूकता अभियान शिविर के तहत स्वयं सेवको के साथ गाँव में रैली निकालकर

प्रो0 (डा0) यशपाल सिंह
कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)
मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट
एण्ड टैक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
(गौतमबुद्ध नगर)

सभी को शिक्षा का महत्व बताया और अपने विचार भी व्यक्त किये। स्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं के पठन पाठन सामग्री का वितरण भी किया गया स्कूल के सभी छात्र छात्राओ को बताया कि स्कूली शिक्षा के माध्यम से ही हम व्यक्तित्व, मानसिक कुशलता, नैतिक और शारीरिक शक्ति का विकास करना सीखते हैं। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल को प्रदान करती है। शिक्षा हमारे देश की प्रगति के लिये बहुत आवश्यक है।

**छठा दिन दिनाँक 05मार्च 2022 (वृक्षारोपण शिविर) :–**

सँविलय स्कूल, बिरौंडा (गौतम बुद्ध नगर) में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छठे दिन वृक्षारापण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवको ने स्कूल एवं आस पास के क्षेत्र में लगभग 300 पौधे लगाये गये लोगो को पौधों का महत्व व उसकी आवश्यकताओ को समझाया गया इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशपाल सिंह ने छात्रों शपथ दिलाई कि उन्हे अपने जीवन में कम से कम हर वर्ष दो पौधे लगाने चाहिए। स्वच्छ वायु बिना पौधो के सम्भव नही है। हमे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। शिविर डॉ0 प्रदीप कुमार एवं डॉ0 ईश्वर सिंह ने बताया आज पूरा विश्व पर्यावरण से ग्रस्त है। जो हमारे जीवन के लिए बहुत खतरनाक है। अगर हम पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहते है। तो हमें पौधे लगाने आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान व स्कूल की प्राधनाचार्या तथा अन्य ग्रामीण लोगो ने सहयोग किया।


**सातवां दिन दिनाँक 06 मार्च 2022 (मास्क वितरण शिविर) :–**

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको द्वारा गाँव बिरौंडा ग्रेटर नोएडा (गौ0 बुद्ध नगर) में मास्क वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ यशपाल सिंह की उपस्थिति में गाँव की चौपाल पर सभी ग्रामीण लोगो को एकत्रित किया तथा कोरोना वायरस से बचाव के लिये मास्क पहनने की उपयोगिता के बारे जागरूक किया गया सभी स्वयं सेवको द्वारा गाँव में रैली निकालकर लोगो को मास्क लगाने के लिये प्ररित किया गया तथा सभी लोगो को लगभग 500 मास्क का वितरण किया गया। गाँव घर घर जाकर महिलाओ और पुरूषो को मास्क पहनने ,हाथो को धोने व सामाजिक दूरी का पालन करने के लिये जागरूक भी किया गया। शिविर में संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट के 88 छात्र छात्राओ ने भाग लिया सात दिवसीय शिविर के दौरान डॉ प्रदीप कुमार व डॉ ईश्वर सिंह सभी स्वयं सेवको को मार्गदर्शन किया और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में योगदान दिया सात दिवसीय शिविर में ग्राम प्रधान व सभी ग्राम वासियो का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

प्र0 (डा0)
कार्यक्रम अधिकारी
मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग
एण्ड टैक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
(गौतमबुद्ध नगर)

# योग शिविर (28 फरवरी 2022)







# स्वच्छ भारत अभियान(01 मार्च 2022)









# प्लास्टिक बेन शिविर (02 मार्च 2022)










# तंबाकू निषेध शिविर (03 मार्च 2022)



# साक्षरता अभियान (04 मार्च 2022)









# वृक्षारोपण शिविर (05 मार्च 2022)









# मास्क वितरण शिविर (06 मार्च 2022)









आज दिनांक 04/03/2022 मे मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ इंजी० एव टैक्नोलोजी ग्रेटर नोएडा द्वारा एन एस एस के अन्तर्गत हमारे विद्यालय संविलय स्कूल, बिरौंडा (गौ० बुद्ध नगर) मे साक्षरता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे साक्षरता पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम अधिकारी प्रो० (डॉ) यशपाल सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओ के पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। सभी छात्र-छात्रो ने कार्यक्रम मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

Gupta
4-3-22

प्रधानाध्यापिका
पूर्व माध्यमिक विद्यालय
बिरौंडा, वि० क्षे० दनकौर
(गौतमबुद्ध नगर)

आज दिनांक 05/03/2022 मे मंगलमय इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजी० एवं टैक्नोलोजी ग्रेटर नोएडा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अन्तर्गत हमारे विद्यालय सौविलय स्कूल विरौंडा (गौ० बुद्धनगर) मे वृक्षारोपण अभियान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्र छात्रो ने वृक्षारोपण मे भाग लिया। संस्थान की ओर से कार्यक्रम अधिकारी प्रो० (डा०) पद्मपाल सिंह ने सभी छात्र छात्रो को वृक्षो का महत्व बताते हुए वृक्षारोपण कराया।

Gupta
5-3-22

प्रधानाध्यापिका
पूर्व माध्यमिक विद्यालय
विरौंडा, वि० क्षे० दनकौर
(गौतमबुद्ध नगर)